सिलीगुड़ी (निज सवाददाता)। वरिष्ठों का सम्मान, स्वास्थ्य का ध्यान - इसी संदेश को केंद्र में रखते हुए महाराजा अग्रसेन अस्पताल फूलबाड़ी द्वारा वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य न सिर्फ वरिष्ठ नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सजग बनाना भी था। प्रणामी मंदिर रोड स्थित महाराजा अग्रसेन सिटी क्लिनिक में वरिष्ठ नागरिको के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। वही महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

इस शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और लाभ उठाया। हॉस्पिटल चेयरमैन नीरज चौधरी ने कहा की वरिष्ठों का सम्मान, स्वास्थ्य का ध्यान। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि हमारी संस्था की प्रतिबद्धता है। हम मानते हैं कि समाज के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका अमूल्य है। उनका अनुभव, उनकी सीख और उनके त्याग ने हमें आज जो कुछ भी मिला है, उसमें उनका अमूल्य योगदान है। इसलिए उनका सम्मान और उनकी देखभाल हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हम अपने बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें और उन्हें यह विश्वास दिलाएँ कि वे अकेले नहीं हैं - हम सब उनके साथ हैं।

पूर्व चेयरमैन रामावतार बरेलिया ने इस सेवा कार्य को एक बेहतरीन पहल बताया। इस मौके पर डॉ. विनीत प्रसाद, डॉ. अंकित मित्तल, डॉ. समर्थ अग्रवाल, डॉ. अनीश साहा, डॉ. श्वेता गुप्ता, डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. उदैन भूटिया, डॉ. देबयन आचार्य, खुशी मित्तल सहित सभी का योगदान रहा। हॉस्पिटल सचिव सीए योगेश अग्रवाल ने बताया कि हॉस्पिटल द्वारा जन सेवा का दौर सदा जारी रहेगा।

भारत-नेपाल सीमा पर बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



नक्सलबाड़ी (निज संवाददाता)। खोरीबाड़ी में भारत-नेपाल सीमा पर एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। एसएसबी ने उसे सीमा पर गौर सिंह जोत से गिरफ्तार किया है। पता चला है कि गिरफ्तार व्यक्ति बांग्लादेश के लालमोनिरहाट का निवासी लंकेश्वर चंद्र राय है। वह पिछले साल अगस्त में भारतीय वीजा के साथ वैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद बांग्लादेश नहीं लौटा और स्थायी रूप से भारत में रहने लगा।

एसएसबी की 41 बटालियन के जवानों ने वीज़ा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रहने के आरोप में उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में, एसएसबी ने उसे खोरीबाड़ी पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से बांग्लादेशी पहचान पत्र और पासपोर्ट बरामद किए गए। उसे आज सिलीगुड़ी महकमा न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

एनबीएसटीसी में कर्मचारी यूनियन द्वारा सांकेतिक अनशन आंदोलन

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। उत्तर बंग राज्य परिवहन निगम (एनबीएसटीसी) कर्मियों की कई मांगों एवं समस्याओं को लेकर सीटू अनुमोदित नार्थ बंगाल स्टेट ट्रांसपोर्ट एम्पलाइज यूनियन ने 10 घंटे का सांकेतिक अनशन आंदोलन संगठित किया। सिलीगुड़ी में एनबीएसटीसी डीपो के सामने यह अनशन आंदोलन चलाया गया। संगठन के केन्द्रीय कमेटी के सभापति जगतजयी दत्त ने कहा कि श्रमिक कर्मचारियों के हित में उनका लड़ाई जारी रहेगा। तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से एनबीएसटीसी ध्वंस के कगार पर है।

राज्य सरकार की कोई भी योजना नहीं दिख रही है। श्रमिकों का आर्थिक रूप से शोषण किया जा रहा है। जो देखा जा रहा है, उससे तो साफ है कि सरकार इस निगम को निजीकरण की ओर ढकेलने की चेष्टा कर रही है। हम श्रमिक कर्मचारियों के हित में लड़ाई करने उतरे हैं। पूरे राज्य में एनबीएसटीसी की केवल 450 स्थायी कर्मचारी हैं। शेष ठेके पर काम करते हैं। इस उद्योग की रक्षा करने की जरूरत है। इसके लिए आगामी दिनों में जोरदार आंदोलन शुरू किया जायेगा।

'हिंदी स्वस्तिका' का भव्य लोकार्पण

कोलकाता। महानगर के बड़ाबाजार लाईब्रेरी के सभागार में हाल ही मे 'हिंदी स्वस्तिका' पत्रिका का गरिमामय लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर भारतमाता के चित्र पर पुष्पार्पण किया। इस अवसर पर 'स्वस्तिका' के प्रधान संपादक डॉ. तिलक रंजन बेरा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के हिंदी भाषी पाठकों का लंबे समय से आग्रह था कि 'स्वस्तिका' बांग्ला के साथ हिंदी में भी प्रकाशित हो। प्रकाशन समिति ने पत्रिका के 75 वर्ष पूर्ण होने पर यानि तीन वर्ष से विचार-विमर्श के बाद आज यह संभव हुआ। इसके बाद ही हिन्दी स्वस्तिका मासिक पत्रिका का लोकार्पण मंचस्थ अतिथियों ने किया।

इस अवसर पर समारोह के प्रधान अतिथि विशिष्ट समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री अजित जाना ने बांग्ला स्वस्तिका के 78 वर्ष में पदार्पण की बात रखते संघर्ष कालखंड की चर्चा की और हिन्दी स्वस्तिका के निरंतरता के लिए आर्थिक पक्ष सुदृढ़ होने में पाठकों की सहयोगी भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रकाशन व्यवस्थापक श्री जयराम मंडल ने पत्रिका के वार्षिक ग्राहक बनने की अपील उपस्थित श्रोताओं और पाठकों से करते हुए बताया कि 350 रूपये में पत्रिका वर्ष भर उपलब्ध होगी।

समारोह की अध्यक्षता बड़ाबाजार कुमार सभा पुस्तकालय के अध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद बजाज ने की। विशेष रूप से, स्वस्तिका के दोनों संस्करणों के प्रकाशक श्री शारदा प्रसाद पाल उपाख्य श्री जयंत पाल की गरिमामय उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय विमर्श के युवा चिन्तक व साहित्यिक विप्लव विकास ने किया। समवेत गीत विपुल दूगड़ व एकल गीत की प्रस्तुति अमित पटवा ने की, वैदिक मंत्र पाठ का सम्राट गांगुली का था, अतिथियों को उत्तरीय प्रदान कर घनश्याम चौरसिया ने सम्मानित किया। शुभस्वस्तिका प्रिंट्स फाउंडेशन के निदेशक अरिंदम राय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



जनपथ समाचार

सिलीगुड़ी 22 अगस्त 2025

जीएसटी दरों में तर्कसंगत सुधार

केंद्र सरकार के तरफ से जीएसटी के दरों में तर्कसंगत सुधार का जो फैसला लिया गया है, वह सराहनीय होने के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला है। हालांकि नई जीएसटी दरों को लागू करने से सरकार को वर्तमान में असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा और काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है, लेकिन दीर्घकालीन समय में सरकार का यह फैसला देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, तो विकसित भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बड़ी घोषणाओं के साथ जीएसटी कानून में सुधार के प्रस्ताव की भी घोषणा की थी और इस घोषणा के बाद सरकार जीएसटी व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी में है। सरकार ने जीएसटी 2.0 सुधारों का प्रस्ताव रखा है और अच्छी बात यह है कि वित्त मंत्रियों के समूह की महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मान लिया गया। मीटिंग में टैक्स स्लैब को घटाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत करने के केंद्र के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, जिस पर जीओएम ने सहमति जताई है। दरअसल केंद्र सरकार ने जीएसटी में बड़े पैमाने पर बदलाव का प्रस्ताव दिया है, जिसमें 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को हटाकर केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो दरें रखने की बात कही गई है। इसके अलावा तंबाकू और पान मसाला जैसे गुड्स पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू की जा सकती है। माना जा रहा है कि सरकार जीएसटी में बदलाव के जरिए आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग उद्यमियों को राहत देना चाहती है। वह इसके जरिए टैक्स सिस्टम को आसान भी करना चाहती है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी के मामले पर कहा था कि दरों को युक्तिसंगत बनाने से आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) को अधिक राहत मिलेगी। साथ ही एक आसान और पारदर्शी कर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। साथ ही जीएसटी दरों में कमी आने से इसका सीधा फायदा आम लोगों और बाजार को मिलेगा। टैक्स कटौती की वजह से लोगों की खरीददारी बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था में 1.98 लाख करोड़ रुपये तक की खपत का इजाफा होगा। इससे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई 0.2 से 0.5 फीसदी तक कम हो सकती है। खाद्य वस्तुओं में कीमत घटने से रिटेल महंगाई में भी थोड़ी नरमी आ सकती है। देखा जाए 2017 में जब जीएसटी लागू किया गया था, तब इसका उद्देश्य कर प्रणाली को सरल बनाना, कर चोरी पर अंकुश लगाना और एक समान राष्ट्रीय बाजार का निर्माण करना था। लेकिन इसके बाद से ही उद्योग जगत के सामने कई परेशानियां आयी। उद्यमियों और आम लोगों की परेशानियों को देखने हुए इसमें सुधार का सिलसिल शुरू किया गया। समय-समय पर इसमें कई सुधार किए गए, लेकिन इसके बावजूद सुधार की गुंजाइश बरकरार है। आज की तारीख में घर बनाने के लिए जरूरी सामान जैसे सीमेंट पर 28 प्रतिशत, स्टील पर 18 प्रतिशत, पेंट पर 28 प्रतिशत और टाइल्स-सैनिटरीवेयर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इन पर ज्यादा टैक्स लगने से डेवलपर्स की लागत बढ़ जाती है और इसका सीधा असर घर की कीमतों पर पड़ता है। अब केंद्र सरकार के अनुसार 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त करने करने के बाद भविष्य में केवल दो दरें होंगी 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत और यह बदलाव कर संरचना को सरल बनाएगा, कर प्रशासन को आसान करेगा और करदाताओं के लिए पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। 5 प्रतिशत स्लैब में रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं रखी जाएंगी, जिससे महंगाई का बोझ गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर न बढ़े। 18 प्रतिशत स्लैब में शेष वस्तुएं और सेवाएं आएंगी, जिससे राजस्व संतुलित रहेगा। दो दरों की प्रणाली से व्यापारियों को वस्तुओं के वर्गीकरण की जटिलता से मुक्ति मिलेगी। बिलिंग और टैक्स फाइलिंग में आसानी होगी। वर्तमान में कर श्रेणीकरण को लेकर जो विवाद अदालतों तक पहुंच जाते हैं, उनकी संख्या घटेगी। इसके अलावा 28 प्रतिशत जैसे ऊंचे स्लैब हटाने से टैक्स चोरी की प्रवृत्ति कम होगी, क्योंकि उच्च कर दरें अक्सर चोरी को बढ़ावा देती हैं। सरल कर प्रणाली से विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सरल कर ढांचे से उत्पादन लागत घटेगी। इससे 'मेक इन इंडिया' अभियान और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बल मिलेगा। साथ ही बढ़े हुए उपभोग से जीडीपी वृद्धि दर पर सकारात्मक असर पड़ेगा। हालांकि नई दरों के लागू होने से सरकार को करीब 85,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो सकता है, लेकिन इसके बदले देश की खपत में 1.98 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टैक्स कटौती की वजह से लोगों की खरीददारी बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था में 1.98 लाख करोड़ रुपये तक की खपत का इजाफा होगा। देखा जाए तो जब जीएसटी लागू हुआ था, तब इसकी प्रभावी औसत दर 14.4 प्रतिशत थी। लेकिन धीरे-धीरे टैक्स कटौतियों और दरों के सरलीकरण की वजह से यह 2019 तक 11.6 प्रतिशत पर आ गई। अब यदि प्रस्तावित सुधार लागू होता है, तो एसबीआई रिसर्च के अनुसार यह औसत दर 9.5 प्रतिशत तक घट सकती है। यानी भारत में अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था धीरे-धीरे उपभोक्ता के पक्ष में झुक रही है। अल्पकाल में सरकार को नुकसान होगा, लेकिन दीर्घकाल में बढ़े हुए उपभोग और उत्पादन से कर आधार का विस्तार होगा, जिससे राजस्व अपने आप बढ़ेगा। दूसरी बात है कि जीएसटी का उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह करना नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था को पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बनाना भी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजस्व हानि की भरपाई दीर्घकाल में बढ़े हुए उपभोग और उत्पादन से होगी। कर आधार चौड़ा होने से भविष्य में सरकार के पास और अधिक स्थायी राजस्व स्रोत होंगे। उपभोक्ताओं और व्यवसायियों का विश्वास बढ़ने से कर अनुपालन स्वत: सुधरेगा। इसलिए जीएसटी दरों को दो स्तरों पर सीमित करने का यह प्रस्ताव साहसिक, दूरदर्शी और उपभोक्ता हितैषी कदम है। इससे अर्थव्यवस्था में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। केंद्र और राज्यों को मिलकर इस सुधार को लागू करना होगा, ताकि महंगाई पर नियंत्रण रहे और राजस्व का संतुलन बिगड़े नहीं। यदि संक्रमणकालीन चुनौतियों को सावधानी से संभाल लिया जाए, तो यह कदम भारत की कर प्रणाली को न केवल सरल बनाएगा, बल्कि इसे दुनिया के सबसे प्रभावी मॉडलों में शामिल कर देगा। इस सुधार से यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार अल्पकालिक हानि की परवाह किए बिना दीर्घकालिक स्थायित्व और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वास्तव में, यही एक परिपक्व और आत्मविश्वासी अर्थव्यवस्था का संकेत है।

आज का सद्चिंतन

समृद्धि दूसरों को चमत्कृत कर सकती है, किंतु श्रद्धा और सद्भावना उपलब्ध करने के लिए आंतरिक उत्कृष्टता की आवश्यकता पड़ती है। इसी का दूसरा नाम सज्जनता है। इसे पवित्रता, महानता, उदारता और संयमशीलता के मूल्य पर ही उपलब्ध किया जा सकता है। अपने आप को सुधारना या बिगाड़ना तुम्हारे हाथ में है। तुम्हें रोग और व्याधि, शुभ या अशुभ फल अपने कर्मों के ही कारण मिलता है। यदि तुम दास बनना चाहोगे, तो दास बने रहोगे। यदि तुम अपने आपको स्वामी बनाओगे, तो स्वामी बन जाओगे।

- पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

कर्म फल अवश्यमेव प्राप्त होता है

कर्म का फल आवश्यमेव प्राप्त होता है। चाहे कोई फल की इच्छा रखें अथवा न रखें। फल तो उसे मिलता ही है, मिलना ही है। फलेच्छा रखकर कर्म करने में एक दोष यह है कि कर्मफल मिलने में किंचित् देर होने से मन में दु:ख होता है। अत: निष्काम कर्म करने का सुझाव सभी स्थानों पर दिया गया है। इसमें फल-प्राप्ति में अनासक्त रहने से कोई मानसिक कष्ट नहीं होता।

- विहंगम योग

जनपथ समाचार वर्ष 43 अंक 324 RNI: 34394/82

संस्थापक सम्पादक : स्व. राजेंद्र कुमार बैद

कार्यवाहक सम्पादक : विवेक बैद

सम्पादकीय : 0353-2541544,

फैक्स : 0353-2548396, विज्ञापन : 0353-2541544

E-mail : janpath.news@gmail.com

Postal Registration No.: WB/DE/006

विवेक बैद द्वारा मुद्रित और विवेक बैद द्वारा विवेक बैद (स्वामित्व) के लिए प्रकाशित और विवेक बैद, 3 माईल, सेवक रोड, सिलीगुड़ी प्रेस में मुद्रित और जनपथ समाचार भवन, श्रीलाल मार्केट, सिलीगुड़ी-734001 से प्रकाशित।

अमेरिका, भारत-रूस और तेल व्यापार : इसे इस नजरिए से भी देखिए !



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

आज की दुनिया में ऊर्जा सिर्फ एक वस्तु नहीं है, बल्कि हर देश की आर्थिक रीढ़ और सामरिक शक्ति का आधार है। तेल और गैस वैश्विक राजनीति के सबसे अहम औजार बन चुके हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए, लेकिन इसने रूस को रोकने के बजाय उसे नए बाजारों की ओर मोड़ दिया। भारत और चीन जैसे बड़े उपभोक्ता देशों के लिए यह एक अवसर बनकर आया। भारत, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, उसने रूस से रिकॉर्ड स्तर पर सस्ता कच्चा तेल खरीदना शुरू किया।

आज यही बात अमेरिका को खटक रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, सिर्फ इसलिए कि भारत अपनी जनता और उद्योग को रूस से सस्ता तेल खरीदकर राहत दे रहा था। जबकि चीन, जो रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है, उस पर अमेरिका ने अपेक्षाकृत नरमी बरती। यही नहीं, चीन के रिफाइनर रूस से पश्चिमी हिस्से का यूराल तेल खरीदकर और भी फायदा उठा रहे हैं। अगस्त 2025 के आंकड़ों के अनुसार, चीन ने लगभग 75,000 बैरल प्रतिदिन यूराल तेल खरीदा, जबकि उसका औसत पहले 40,000 बैरल था। दूसरी तरफ, भारत का आयात घटकर 4 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि पहले यह 11.8 लाख बैरल प्रतिदिन था।

आज भारत के लिए रूस से तेल खरीदने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला, कीमत। जब पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, तो रूस ने तेल पर भारी छूट देनी शुरू की। 2022-23 में रूस भारत को 20 लाख बैरल प्रतिदिन तक तेल बेच रहा था, और यह तेल मध्य पूर्व की तुलना में 20-30 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। दूसरा कारण है ऊर्जा सुरक्षा।

भारत की कुल ऊर्जा खपत का 85 प्रतिशत हिस्सा आयात से आता है। ऐसे में सस्ती सप्लाई पाना भारत के लिए सिर्फ विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता थी। अगर अमेरिका यह कहता है कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है, तो इसमें गलत क्या है? क्या अमेरिका की तेल कंपनियां केवल मानव सेवा के लिए काम करती हैं? क्या अमेरिकी शेल ऑयल इंडस्ट्री सिर्फ घाटे में चलाने के लिए बनाई गई है? बिल्कुल नहीं। दुनिया का हर देश और हर कंपनी मुनाफे के लिए ही काम करती है, फिर भारत के मुनाफे पर अमेरिका की आपत्ति क्यों?

व्हाइट हाउस के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत की तेल खरीद को अपॉर्चुनिटीक एंड वेरी बैड कहा। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने तो यहा तक कह दिया कि भारत रूसी तेल खरीदकर सिर्फ अमीर भारतीय परिवारों को फायदा पहुंचा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत ने 16 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त मुनाफा कमाया है। लेकिन अगर यही तर्क

मान लिया जाए, तो अमेरिका की शेल गैस कंपनियां, तेल निर्यातक, हथियार निर्माता और फार्मा कंपनियां भी तो मुनाफा ही कमा रही हैं। तो फिर भारत के मुनाफे पर इतनी तकलीफ क्यों? असलियत यह है कि अमेरिका दुनिया की ऊर्जा राजनीति पर अकेले अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है।

यहां यह भी समझना जरूरी है कि भारत की रूस पर निर्भरता कोई स्थायी नहीं है, बल्कि व्यावहारिक है। भारत 2021 तक रूस से अपनी जरूरत का केवल 1 प्रतिशत से भी कम तेल खरीदता था। लेकिन पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने डिस्काउंट देना शुरू किया और भारत ने इसका फायदा उठाया। इससे भारतीय जनता को महंगे पेट्रोल-डीजल से कुछ राहत मिली और रिफाइनरी कंपनियों को भी प्रतिस्पर्धी बढ़त मिली। लेकिन जैसे ही अमेरिका ने दबाव बनाया और टैरिफ बढ़ाया, भारत की खरीद कम हो गई। परिणाम यह हुआ कि चीन ने यह अवसर तुरंत लपक लिया और रूस से ज्यादा तेल खरीदना शुरू कर दिया। क्या अमेरिका को इस पर आपत्ति है? नहीं। क्यों? क्योंकि चीन से टकराने की अमेरिका की हिम्मत नहीं है।

अमेरिका की नीति का एक और पहलू यह है कि वह भारत पर दबाव डालकर अपने तेल को बेचने का रास्ता साफ करना चाहता है। आंकड़े बताते हैं कि 2025 की पहली छमाही में भारत का अमेरिका से तेल आयात 51 प्रतिशत बढ़कर 2.71 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुच गया था, सबसे बड़ी बात यह है कि यह वृद्धि 2024 की पहली छमाही में 1.8 लाख बैरल प्रति दिन की तुलना में काफी अधिक है, फिर भी उसका मन नहीं भर रहा है। यानी, अमेरिका चाहता है कि भारत किसी भी सूरत में रूस से तेल न खरीदे और मजबूरी में उससे खरीदे।

यह एक प्रकार का आर्थिक ब्लैकमेल है। भारत को सस्ते विकल्प छोड़कर महंगे विकल्प अपनाने के लिए मजबूर करना किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। भारत सरकार ने अमेरिका की इस नीति का विरोध भी किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत की तेल खरीद जरूरत के हिसाब से है, और पश्चिमी देश खुद भी रूस से कुछ व्यापार जारी रखे हुए हैं। यानी, जो काम अमेरिका और यूरोप खुद करें तो सही, लेकिन भारत करे तो गुनाह।

भारत ने साफ कर दिया है कि वह अपनी जनता को सस्ता ऊर्जा स्रोत देने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। यही भारत का अधिकार है और यही किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वतंत्रता का हिस्सा है। आज जिस तरह के आंकड़े सामने आ रहे हैं, उससे पता चलता है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और अन्य निजी कंपनियां भी रूस से तेल खरीदकर अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में पेट्रोलियम उत्पाद बेच रही हैं। इससे भारत को विदेशी मुद्रा आय हुई है। अगर चीन यही काम करे तो उसे 'व्यापारिक चतुराई' कहा जाता है, लेकिन भारत करे तो उसे 'खतरनाक' कहा जाता है। यह भेदभाव अब दुनिया की नज़र से छिपा नहीं है। वस्तुत: अमेरिका यह चाहता है कि ऊर्जा संसाधनों का उपयोग उसकी विदेश नीति के औजार के रूप में हो।

रूस को कमजोर करना, चीन को नियंत्रित करना और भारत को अपने खेमे में बनाए रखना, यह उसकी रणनीति है। लेकिन नया विश्व, जिसे हम ग्लोबल साउथ कहते हैं, अब इस दबाव को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं।

इन देशों की आवाज अब संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे मंचों पर गूंज रही है। तेल पर प्रतिबंध लगाना या टैरिफ के माध्यम से दबाव बनाना वास्तव में विकासशील देशों को पीछे धकेलना है। ऊर्जा के बिना विकास असंभव है। यदि भारत को सस्ता तेल रूस से मिलता है, तो इससे उद्योग को राहत मिलेगी, महंगाई नियंत्रित होगी और विकास तेज होगा। अमेरिका का यह कहना कि भारत मुनाफा कमा रहा है, दरअसल उसकी अपनी खीझ का परिणाम कहा जा सकता है। अमेरिका को आज यह स्वीकार करना होगा कि हर देश अपने हित में काम करता है। भारत का रूस से तेल खरीदना न तो अनुचित है और न ही गैरकानूनी। यह पूरी तरह व्यावहारिक और आवश्यक कदम है। इसलिए अमेरिका को भारत की तेल खरीद पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

(इस लेख में लेखक के नितांत निजी विचार हैं। यह आवश्यक नहीं है कि जनपथ समाचार इससे सहमत हो। इससे जुड़े सभी दावे और आपत्ति के लिए केवल लेखक जिम्मेदार है।)

इतिहास की सीख छोड़ फ्रेम में उलझा युवा वर्ग

डॉ. प्रियंका सौरभ

पीढ़ी 1990 के बाद पैदा हुई, उसके हिस्से 'इतिहास' कम 'फ्रेम' ज्यादा आए। मोबाइल, कैमरा और सोशल मीडिया की दुनिया ने उन्हें घटनाओं की गहराई में जाने की बजाय केवल सतही फ्रेम और दृश्य-छवियों तक सीमित कर दिया। आज का युवा वर्ग अतीत के संघर्षों से शिक्षा लेने के बजाय इंस्टेंट फ्रेमों में फंसा है। यही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। आधुनिकता के उन्माद के बावजूद हमारे सार्वजनिक जीवन में जो शून्यता, दरिद्रता और दिशाहीनता दिखाई देती है, उसके कारण बहुत दूर जाकर नहीं खोजने पड़ते। यह शून्यता दरअसल हमारी स्मृतियों और सांस्कृतिक आत्मबोध के बिखराव से पैदा हुई है। इतिहास हमें बताता है कि क्या हुआ, जबकि साहित्य यह दिखाता है कि क्या हो सकता था और क्या होना चाहिए था। साहित्य को आत्मसत्य इसलिए कहा गया है कि वह मनुष्य को केवल सूचना नहीं, बल्कि अनुभव और मूल्य देता है।

भारत का इतिहास किसी सुखद घटनाओं की लड़ी नहीं है। इसमें युद्ध, संघर्ष, विद्वेष, विभाजन और बंटवारा है। लेकिन इन्हीं अंधेरे अध्यायों के बीच स्वतंत्रता आंदोलन की गाथा भी है। 1857 से 1947 तक का काल केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं था, वह साहित्य का भी स्वर्णकाल था। स्वतंत्रता संग्राम और साहित्य जैसे एक-दूसरे में घुल गए थे। कवि, लेखक और कलाकार केवल दर्शक नहीं थे, बल्कि वे इतिहास के सह-निर्माता थे। उनके गीत, कविताएं और उपन्यास आम जनमानस में ऊर्जा और चेतना जगाते थे। यही कारण है कि आजादी की लड़ाई केवल तलवार और आंदोलन की गाथा नहीं रही, बल्कि साहित्यिक कृतियों की भी कहानी बनी। लेकिन यह गौरवशाली परंपरा आज कहीं खो गई है। एक प्राचीन सभ्यता की प्राणवत्ता उसके सांस्कृतिक प्रतीकों और जीवनदायी आस्थाओं में निहित होती है। यही प्रतीक एक समय में हमारे चिंतन, सृजन और व्यवहार को अर्थ प्रदान करते थे। जब यह जीवन्त समग्रता खंडित होकर छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट जाती है, तो वे केवल नामलेवा अनुष्ठानों तक सिमट जाते हैं। पूजा-पाठ तो बचा रहता है, परंतु उससे कोई नयी प्रेरणा नहीं निकलती। आज का भारतीय समाज इसी विडंबना से गुजर रहा है-हमारे पास परंपराएं तो हैं, लेकिन उनमें जीवन्तता नहीं है।

हम अपने ही देश में आत्मनिर्वासित प्राणियों की तरह जीने को विवश हो गए हैं। हमारी नैतिक मर्यादाएं, हमारे अध्ययन और हमारे विचार-सब पर विदेशी भाषा और सोच का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। अंग्रेजी का वर्चस्व केवल एक शैक्षिक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक निर्भरता का सबसे बड़ा प्रतीक है। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए कहा था-'अंग्रेज़ी भाषा ने संस्कृत का सर्वाधिकार छीन लिया है। आज भारतीय विद्याओं की जैसी विवेचना और विचार अंग्रेज़ी भाषा में हैं, उसकी आधी चर्चा का भी दावा कोई भारतीय भाषा नहीं कर सकती। यह हमारी सबसे बड़ी पराजय है। राजनीतिक सत्ता के छिन जाने से हम उतने नतमस्तक नहीं हैं, जितने अपने विचार की, तर्क की, दर्शन की, अध्यात्म की अपनी सर्वस्व भाषा छिन जाने से। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में हम अपनी ही विद्या को अपनी बोली में न कह सकने के उपहासास्पद अपराधी हैं। यह लज्जा हमारी जातीय है।'

वास्तव में जिसे द्विवेदी जी ने 'उपहासास्पद अपराध' कहा, उसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार भारतीय सम्भ्रांत शिक्षित वर्ग रहा है। उसने अंग्रेजी को श्रेष्ठता और भारतीय भाषाओं को पिछड़ेपन का चिह्न बना दिया। आज स्थिति यह है कि युवा पीढ़ी अपनी ही भाषा में बोलने से हिचकती है, अपनी संस्कृति को आधुनिकता के विपरीत मानती है

आज की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि युवा वर्ग केवल फ्रेम और क्लिक की दुनिया में सिमटकर न रह जाए। क्षणभंगुर छवियां उसे आकर्षित करती हैं, परंतु इतिहास और साहित्य ही स्थायी आत्मबल देते हैं। फ्रेम से मिली चमक पल भर की है, लेकिन साहित्य से मिला आत्मसत्य पीढ़ियों तक ऊर्जा देता है। आवश्यकता है कि युवा वर्ग सोशल मीडिया की सतहीता से बाहर निकलकर संस्कृति और ज्ञान की गहराई को पहचाने। इतिहास से सीखना और साहित्य से जुड़ना ही उनके जीवन को दिशा देगा। यही भविष्य को सार्थक बनाने का मार्ग है।

और साहित्य को केवल पाठ्यक्रम की किताबों तक सीमित समझती है। 1990 के बाद जन्मी पीढ़ी का संकट यही है। उनके पास सूचनाओं का अंबार है, पर आत्मसत्य नहीं। वे मोबाइल स्क्रीन पर इतिहास की झलकियां देखते हैं, पर उसकी गहराई में नहीं उतरते। उनकी चेतना फ्रेमों और क्लिप्स पर आधारित है। इस पीढ़ी ने 'इतिहास' कम और 'फ्रेम' ज्यादा देखे हैं। यही कारण है कि उनमें वह गहराई नहीं है, जो साहित्य और इतिहास से संवाद करने पर आती। इतिहास से हमें संघर्ष, धैर्य और त्याग की शिक्षा मिलती है। लेकिन फ्रेम हमें केवल तात्कालिक दिखावा और सतही आकर्षण देता है। यही वजह है कि युवा वर्ग की ऊर्जा दिशाहीन होती जा रही है। उनके पास विकल्प बहुत हैं, पर संकल्प नहीं। फ्रेम की दुनिया क्षणभंगुर है-एक फोटो, एक रील, एक क्लिक पल भर में आती है और मिट जाती है। जबकि इतिहास की सीख स्थायी है-वह आने वाली पीढ़ियों को भी दिशा देती है। यदि युवा वर्ग इस आत्मसत्य को समझने में असफल रहा, तो वह न केवल अपने वर्तमान को खो देगा बल्कि भविष्य को भी अंधकारमय कर लेगा। साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं है। यह व्यक्ति और समाज को अपने आत्म से मिलाने वाला माध्यम है। साहित्य हमें बताता है कि हमारी जड़ें कहां हैं और हमारे सपनों का आकाश कहां तक फैला है। साहित्य के बिना समाज केवल सूचनाओं का ढेर रह जाता है, आत्मबोध और दिशा खो देता है। यही कारण है कि आज साहित्य को पुन: केंद्र में लाने की आवश्यकता है। आज का प्रश्न यही है-क्या हम इस पीढ़ी को फिर से साहित्य और इतिहास से जोड़ पाएंगे? क्या हम उन्हें दिखा पाएंगे कि संस्कृति कोई बोझ नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का आधार है? यह तभी संभव होगा जब भारतीय भाषाओं को केवल बोलचाल तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें ज्ञान और शोध की भाषा बनाया जाए। नई पीढ़ी को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया के फ्रेम और क्लिक क्षणिक हैं। वे पल भर में आते हैं और गायब हो जाते हैं। लेकिन साहित्य और संस्कृति वे आधार हैं, जिन पर स्थायी आत्मविश्वास खड़ा होता है। यह पीढ़ी तभी सार्थक होगी जब वह अपनी जड़ों से जुड़कर आधुनिकता को आत्मसात करेगी। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो साहित्य केवल पुस्तकालयों में बंद रह जाएगा और संस्कृति केवल त्योहारों के सजावटी फ्रेम में कैद हो जाएगी। तब हम केवल उपभोक्ता समाज रह जाएंगे, सृजनशील सभ्यता नहीं। आज आवश्यकता है कि विद्यालय और विश्वविद्यालय साहित्य को केवल परीक्षा का विषय न मानें, बल्कि जीवन का अनुभव मानें। लेखकों और कवियों को पुन: समाज के केंद्र में लाने की ज़रूरत है। भाषा को बोझ नहीं, गौरव का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। और सबसे बढ़कर, नई पीढ़ी को यह एहसास दिलाना होगा कि साहित्य का आत्मसत्य ही वह शक्ति है, जो उन्हें इतिहास की गहराई और भविष्य की दिशा दोनों देता है। इतिहास हमें यह दिखाता है कि हमने क्या खोया और क्या पाया। साहित्य हमें यह सिखाता है कि हम क्या हो सकते हैं। यही कारण है कि साहित्य और इतिहास का संबंध इतना गहरा और अविभाज्य है। यदि नई पीढ़ी इस आत्मसत्य से जुड़ने में असफल रही, तो वह न तो इतिहास समझ पाएगी और न ही भविष्य गढ़ पाएगी। आधुनिकता का उन्माद तभी सार्थक होगा, जब वह साहित्य और संस्कृति की आत्मा से जुड़कर नई रचनात्मकता पैदा करेगा। अन्यथा हम केवल 'फ्रेम' की पीढ़ी रह जाएंगे-जहां गहराई नहीं होगी, केवल सतही छवियां होंगी। यही इस समय की सबसे बड़ी चेतावनी भी है और सबसे बड़ा समाधान भी।

(इस लेख में लेखक के नितांत निजी विचार हैं। यह आवश्यक नहीं है कि जनपथ समाचार इससे सहमत हो। इससे जुड़े सभी दावे और आपत्ति के लिए केवल लेखक जिम्मेदार है।)

मोबाइ: 9466526148,01255281381





पीएम मोदी और मैक्रों के बीच फोन पर हुई बातचीत

● द्विपक्षीय समेत वैश्विक मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच गुरुवार को फोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों समेत रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर चर्चा की गई।

बताया गया कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया क्षेत्र में जारी संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों पर विचार-विमर्श किया। राष्ट्रपति मैक्रों ने हाल ही में वॉशिंगटन में यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हुई बैठकों का आकलन साझा किया और गाजा की स्थिति को लेकर भी अपने विचार रखे।

प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान और जल्द से जल्द शांति एवं स्थिरता की बहाली के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने व्यापार, रक्षा, नागरिक परमाणु सहयोग, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहित द्विपक्षीय सहयोग एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के संकल्प को दोहराया तथा वर्ष 2026 को इनोवेशन का वर्ष के रूप में भव्य रूप से मनाने पर सहमति जताई। राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के शीघ्र निष्कर्षण के प्रति समर्थन भी व्यक्त किया। साथ ही, दोनों नेताओं ने सभी मुद्दों पर संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई।

इससे पहले, पीएम मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा था, मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत करना और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करना हमेशा सुखद अनुभव होता है। भारत और फ्रांस मिलकर हमारी धरती के हित में कार्य करते रहेंगे।

बता दें कि अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मैक्रों ने 12 जून को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर संपर्क किया था। उस दौरान उन्होंने कहा था कि इस कठिन घड़ी में फ्रांस, भारत और उसके नागरिकों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया था कि फ्रांस अपने सहयोगियों के साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगा।

तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहे हैं फिजी के प्रधानमंत्री

● पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली (आईएएनएस)। फिजी गणराज्य के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका 24 से 26 अगस्त 2025 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी सुलेटी राबुका भी होंगी। इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में फिजी के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रतु एटोनियो लालाबालावु और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।



यह प्रधानमंत्री राबुका का वर्तमान कार्यकाल में भारत का पहला दौरा होगा। 25 अगस्त को वे नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर फिजी के प्रधानमंत्री के सम्मान में विशेष भोज का आयोजन भी करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री राबुका नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू अगस्त 2024 में फिजी की ऐतिहासिक यात्रा पर गई थीं।

प्रधानमंत्री राबुका अपने दौरे के दौरान भारतीय विश्व मामलों की परिषद (आईसीडब्ल्यूए) में ओशन ऑफ पीस विषय पर व्याख्यान भी देंगे। इस कार्यक्रम में भारत और फिजी के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग, समुद्री सुरक्षा और सतत विकास जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा होने की संभावना है।

भारत और फिजी के बीच लंबे समय से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक जुड़ाव, प्रवासी भारतीय समुदाय और आपसी सहयोग इन रिश्तों को और मजबूत बनाते हैं। प्रधानमंत्री राबुका की यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को हर क्षेत्र में और सुदृढ़ करने तथा लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव को गहरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बता दें कि फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका ने पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें दुनिया का बॉस बताया था। जनवरी 2025 में फिजी में राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ की संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में राबुका ने कहा था कि पीएम मोदी दुनिया के बॉस हैं।

उन्होंने कहा था कि मेरा मानना है कि सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है, जिसका प्रधानमंत्री मोदी पालन कर रहे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी एक साथ आगे बढ़ें और समृद्ध हों। मेरी राय में दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए इसे वैश्विक स्तर पर लागू किया जाना चाहिए।

निक्की हेली ने ट्रंप टैरिफ पर किया प्रहार, बताया इसमें खामियां क्या?

नई दिल्ली (आईएएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ का उन्हीं की पार्टी की नेता और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने विरोध किया है। हेली ने एक लेख के जरिए ट्रंप टैरिफ की खामियां गिनाई हैं।

तर्क दिया है कि टैरिफ नीति से भारत-अमेरिका के वर्षों से चले आ रहे मजबूत संबंध प्रभावित होंगे, इस स्थिति के लिए उन्होंने एक शब्द इस्तेमाल किया है- काउंटर प्रोडक्टिव यानि इसका प्रतिकूल असर यूएस पर पड़ सकता है। अमेरिका को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। निक्की हेली ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाना और उसे कमजोर करने की कोशिश बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा कि भारत का विकास सभी के लिए एक मौके की तरह है। यह चीन की तरह खतरनाक नहीं है।

चीन रूस से तेल खरीदने के बावजूद अमेरिका के कड़े प्रतिबंध से बचा हुआ है। उन्होंने कहा, भारत की भारी रूसी तेल खरीद को निशाना बनाकर ट्रंप का कदम सही है, लेकिन साथ ही चेताया कि भारत को साझेदार के बजाय दुश्मन की तरह देखना एक बड़ी और रोकी जा सकने वाली गलती होगी।

अमेरिका की न्यूजवीक मैगजीन में हेली ने लिखा, एशिया में चीनी प्रभुत्व के प्रतिकार के रूप में काम करने वाले एकमात्र देश के साथ 25 वर्षों की साझेदारी की गति को रोकना एक रणनीतिक आपदा साबित हो सकती है। हेली का ये कहना कि भारत के साथ एक बहुमूल्य स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, चीन जैसे विरोधी की तरह नहीं।

अमेरिका को समझदारी से काम लेने की नसीहत सरीखा लगता है। निक्की के इस लेख में भारत को सामरिक तौर पर मजबूत साझेदार के तौर पर प्रोजेक्ट किया गया है। कहा गया है कि भारत अमेरिका के लिए सप्लाई चेन का एक महत्वपूर्ण विकल्प बन सकता है। भारत के पास चीन की तरह उत्पादन क्षमता है, जो उन जरूरतों को पूरा कर सकती है। टेक्सटाइल, सस्ते मोबाइल और सोलर पैनल जैसे उत्पाद तुरंत घरेलू स्तर पर बनाना संभव नहीं है।

उन्होंने अमेरिका को अलार्म करते हुए लिखा, भारत मध्यपूर्व में सुरक्षा की दृष्टि से बेहद अहम है। अमेरिका जैसे-जैसे वहां अपनी सैन्य और आर्थिक मौजूदगी कम कर रहा है, भारत की रणनीतिक अहमियत बढ़ती जा रही है और वह चीन के लिए चुनौती साबित हो सकता है। हेली ने अमेरिकी प्रशासन को भारत के साथ तमाम विवाद दूर करते हुए रिश्ते सामान्य करने की सलाह दी है। बता दें, रूस से कच्चा तेल खरीदने की वजह से अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। 25 प्रतिशत लागू किया जा चुका है, जबकि 25 प्रतिशत 27 अगस्त से लागू होगा।

ऑनलाइन मनी गेमिंग बना युवाओं के लिए खतरा : अश्विनी वैष्णव

● बोले : परिवारों की सुरक्षा के हित में उठाया कदम

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा के बाद राज्यसभा में भारी हंगामे के बीच ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 पारित हो गया है। इस बिल के पारित होने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह विधेयक मध्यम वर्गीय परिवारों, युवाओं और छात्रों को ऑनलाइन मनी गेमिंग के बढ़ते खतरे से बचाता है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, आज संसद ने एक विधेयक पारित किया है, जो मध्यम वर्गीय परिवारों, युवाओं और छात्रों को ऑनलाइन मनी गेमिंग के बढ़ते खतरे से बचाता है। यह विधेयक एक नियामक प्राधिकरण बनाकर ई-स्पोर्ट्स और सामाजिक रूप से लाभकारी ऑनलाइन गेमिंग को भी बढ़ावा देता है। मैं सभी संसद सदस्यों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मध्यम वर्गीय परिवारों के समर्थन में लिए गए उनके फैसलों के लिए धन्यवाद देता हूं।



उन्होंने कहा, हमने ऑनलाइन मनी गेमिंग से जुड़ी कुछ रिपोर्टें पढ़ी हैं, जो मध्यम वर्गीय परिवारों से संबंधित है। ऑनलाइन मनी गेमिंग की वजह से युवाओं ने सुसाइड किया है, जो हमारे लिए चिंता का विषय था। मनी गेमिंग की लत से देश का कोई कोना नहीं बचा था, जिसके चलते परिवार नष्ट हो रहे थे। नशे की लत की तरह इसकी लत भी तेजी से फैल रही थी, आज इसको समाप्त करने का काम किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, हम हमेशा चर्चा के लिए तैयार हैं और रहेंगे। विपक्ष लोकतंत्र या संविधान में विश्वास नहीं रखता। संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करना, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को दरकिनार करना और सदन को बाधित करना विपक्ष की एक आदत और नीति बन गई है। केंद्रीय मंत्री ने राज्यसभा को जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के कारण कई लोगों ने आत्महत्या की है। आज ऑनलाइन गेमिंग की समस्या ड्रग्स की समस्या की तरह बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब हमारे मध्यम वर्गीय परिवारों को बचाने का विषय आता है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में सबसे पहले हमारे मध्यम वर्गीय परिवार और युवा आते हैं।

प्रियंका गांधी ने की जेपी नड्डा से मुलाकात

● स्वास्थ्य सेवाओं पर हुई चर्चा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा की।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की और उनसे वायनाड में कुछ स्वास्थ्य परियोजनाओं में तेजी लाने का अनुरोध किया और उन्हें मनंतवडी में मेडिकल कॉलेज के अभाव में स्थानीय लोगों को हो रही गंभीर कठिनाइयों से अवगत कराया, जो अभी तक चालू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने वायनाड की आदिवासी आबादी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता, उनकी विशिष्ट स्वास्थ्य समस्याओं, लंबित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) निधियों और क्षेत्र में जानवरों के हमलों के मामलों में एक विशेष ट्रॉमा सेंटर की आवश्यकता पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम सभी ने केरल के लिए एक एम्स की लंबे समय से चली आ रही मांग को भी दोहराया। उन्होंने हमारी सभी मांगों को सुना और हमारे साथ खुलकर चर्चा की। मुझे पूरी उम्मीद है कि इन ज्वलंत मुद्दों पर उचित ध्यान दिया जाएगा।

इससे पहले कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा था कि राहुल गांधी ने वोट चोरी पर बड़ा खुलासा किया है। वोट चोरी की जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है। इस मामले में जांच करने के बजाए, वह हलफनामा मांग रहा है। हम लगातार डेटा दिखा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग मानने को तैयार ही नहीं है। उन्होंने आगे कहा था कि इंडिया गठबंधन के नेता आपस में चर्चा करेंगे और आगे का रास्ता तय करेंगे, लेकिन यह स्पष्ट है कि इस पूरे मामले में अनियमितताएं हैं, जिसे सभी ने देखा होगा। जिस तरह से भाजपा और अन्य नेता प्रतिक्रिया दे रहे हैं, उससे भी एक बात साफ है कि गड़बड़ी हुई है।

नेपाल के सबसे लंबे मॉड्यूलर पुल का हुआ उद्घाटन

● भारत की सहायता से बनाया गया है यह पुल

काठमांडू (आईएएनएस)। भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव और नेपाल के भौतिक अवसंरचना एवं परिवहन मंत्री देवेंद्र दहल ने नेपाल के पंचथर जिले में हेवा खोला पर निर्मित 70 मीटर लंबे मॉड्यूलर पुल का उद्घाटन किया। यह पुल भारत की सहायता से बनाया गया है।

यह ब्रिज कोशी प्रांत के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को जोड़ता है, जो नेपाल में अब तक का सबसे लंबा मॉड्यूलर ब्रिज है। नेपाल में भारतीय दूतावास के एक बयान के अनुसार भारत ने सितंबर 2024 की बाढ़ के बाद नेपाल को 10 पूर्वनिर्मित स्टील पुल प्रदान किए, जिनकी लागत 40 करोड़ नेपाली रुपए से अधिक है। यह सहायता बाढ़ से क्षतिग्रस्त महत्वपूर्ण सड़क अवसंरचना को बहाल करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए दी गई थी।

भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत के राजदूत और नेपाल के भौतिक अवसंरचना मंत्री ने पंचथर जिले में हेवा खोला पर 70 मीटर लंबे मॉड्यूलर ब्रिज का उद्घाटन किया। यह नेपाल में अब तक का सबसे लंबा ऐसा ब्रिज है, जो कोशी प्रांत के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को जोड़ता है। इस ब्रिज की स्थापना गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड की तकनीकी टीम ने की, जिसमें नेपाल के 35 पेशेवरों को मॉड्यूलर ब्रिज निर्माण का प्रशिक्षण भी मिला।

बयान में आगे कहा गया, भारत ने सितंबर 2024 में आई बाढ़ के बाद बाढ़ से क्षतिग्रस्त महत्वपूर्ण सड़क अवसंरचना को बहाल करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए अनुदान के तहत नेपाल को 40 करोड़ नेपाली रुपए से अधिक की लागत से 10 पूर्वनिर्मित स्टील पुल प्रदान किए।

इससे पहले, 18 अगस्त को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने काठमांडू में नेपाली सेना मुख्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में नेपाली सेना के प्रमुख सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगदेल को हल्के हमले वाले वाहन, महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण और सैन्य पशु सौंपे थे।

शेष पृष्ठ एक का.....

ऑनलाइन गेमिंग बिल संसद .....

प्रतिबंध लगाने के प्रावधान हैं और यह इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान करता है। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। इनमें पोकर, रमी जैसे गेम शामिल हैं।

विधेयक में ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर 3 वर्ष तक की कैद और/या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान हैद्ध मनी गेम का विज्ञापन करने पर दो साल तक की कैद और/या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है।

मनी गेम से संबंधित वित्तीय लेनदेन को बढ़ावा देने पर तीन साल तक की कैद और/या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। बार-बार अपराध करने पर तीन से पांच साल तक की कैद और दो करोड़ रुपये तक के जुर्माने सहित बढ़ी हुई सज़ा दी जा सकती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि विधेयक में प्रमुख धाराओं के तहत अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाने की मांग की गई है।

आज कोलकाता को मिलेगा.....

सबसे व्यस्त इलाकों को जोड़ने वाली कड़ी मजबूत होगी और यात्रा समय में बड़ी कमी आएगी। उदाहरणस्वरूप, सियालदह से एस्प्लेनेड तक का सफर जहां पहले करीब 40 मिनट का था, अब मात्र 11 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। इसी तरह नोआपाड़ा से सीधे हवाई अड्डे तक मेट्रो सेवा उपलब्ध होने से यात्रियों की सुविधा में बड़ा सुधार होगा, जबकि बेलेघाटा से हेमंत मुखोपाध्याय तक का खंड आईटी हब सेक्टर-5 और आसपास के क्षेत्रों से संपर्क को बेहतर बनाएगा।

परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि इन नई सेवाओं के शुरू होने से न केवल रोजमर्रा के यात्रियों को राहत मिलेगी बल्कि अगले माह दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल भ्रमण के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलेगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पश्चिम बंगाल में इस समय 83,765 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाएं प्रगति पर हैं

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी आमंत्रित किया है। वैष्णव ने बताया कि पश्चिम बंगाल में इस समय 83,765 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिनमें से 13,955 रुपये करोड़ की राशि इस वर्ष के बजट में स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य में 101 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है तथा 9 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेनें पहले से परिचालन में हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर नवनिर्मित सब-वे का उद्घाटन करेंगे और कोना एक्सप्रेसवे परियोजना का शिलान्यास भी करेंगे

प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर नवनिर्मित सब-वे का उद्घाटन करेंगे और कोना एक्सप्रेसवे परियोजना का शिलान्यास भी करेंगे। लगभग ?1,200 करोड़ की लागत से बनने वाला यह एक्सप्रेसवे हावड़ा, आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों और कोलकाता के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा तथा व्यापार, पर्यटन और आवागमन को नई गति देगा। इन नई मेट्रो सेवाओं से आईटी हब सेक्टर-5, हावड़ा और सियालदह जैसे प्रमुख केंद्रों की पहुंच बेहतर होगी और प्रतिदिन लाखों यात्रियों को तेज, सुविधाजनक और बहु-माध्यमिक परिवहन का लाभ मिलेगा।

चुनाव आयोग ने की जनता दल (सेक्युलर) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के साथ बैठक का सिलसिला जारी है। इस बीच, चुनाव आयोग ने गुरुवार को जनता दल (सेक्युलर) के प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने आयोग के समक्ष अपने सुझाव पेश किए। ईसीआई के मुताबिक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी ने गुरुवार को नई दिल्ली में स्थित निर्वाचन सदन में जनता दल (सेक्युलर) के राष्ट्रीय महासचिव केआर शिवकृमार के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के सामने कुछ सुझाव रखे। दरअसल, यह मुलाकात निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ आयोजित की जा रही नियमित बैठकों का हिस्सा है। इन बैठकों का उद्देश्य रचनात्मक चर्चा के माध्यम से राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय दलों के नेताओं को अपने सुझाव और चिंताएं सीधे आयोग के सामने रखने का अवसर प्रदान करना है। यह पहल आयोग के उस व्यापक नजरिए का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत सभी हितधारकों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत करना है।

जीएसटी से खत्म होंगे 12 और 28 फीसदी .....

लगभग सभी वस्तुएं 5 प्रतिशत टैक्स स्लैब में आ जाएंगी। इसी तरह, 28 प्रतिशत टैक्स स्लैब वाली अधिकांश वस्तुएं 18 प्रतिशत टैक्स स्लैब में आ जाएंगी, जिससे केंद्र का मानना है कि अनुपालन में सुधार होगा और जटिलता कम होगी। जीओएम ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी छूट देने के केंद्र के सुझाव की भी समीक्षा की। अधिकांश राज्यों ने इस सुझाव का समर्थन किया, वहीं उन्होंने बीमा कंपनियों द्वारा ग्राहकों को वास्तव में लाभ पहुंचाने के लिए सख्त निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस छूट से वार्षिक राजस्व में लगभग 9,700 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। सिफारिशों पर अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा सितंबर में होने वाली अपनी अगली बैठक में लिया जाएगा।

राष्ट्रपति पुतिन से मिले .....

मकसद यह भी है कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा (जो नवंबर या दिसंबर में हो सकती है) की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सके। भारत और रूस दशकों से एक-दूसरे के मजबूत साझेदार रहे हैं। रक्षा सौदों से लेकर ऊर्जा आपूर्ति तक, दोनों देशों ने हमेशा एक-दूसरे का साथ दिया है। मौजूदा समय में जब दुनिया के हालात बदल रहे हैं, भारत और रूस फिर से अपने रिश्तों को नए आयाम देने की कोशिश कर रहे हैं।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'आज की बैठक हमारे लिए एक अवसर है कि हम अपने राजनीतिक संबंधों पर चर्चा करें। साथ अपनी द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा भी करें। जयशंकर ने कहा, मैं राजनीति, व्यापार, निवेश, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और लोगों के आपसी संबंधों पर विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद करता हूं। हमारे नेताओं ने पिछले साल जुलाई में 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में और फिर कजान मं मुलाकात की थी। अब हम साल के अंत में होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं। हमारे नेताओं ने हमेशा हमें विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने का मार्गदर्शन दिया है।

कांग्रेस पार्टी को अच्छे लोग पसंद नहीं : कृष्णा हेगड़े

मुंबई (आईएएनएस)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहे हैं। शशि थरूर अब तक कांग्रेस में ही हैं, लेकिन पार्टी की लगातार अनदेखी झेल रहे हैं। उन्होंने पीएम और सीएम को हटाने वाले बिल का समर्थन किया है। वहीं, कांग्रेस इस बिल का विरोध कर रही है। इसको लेकर शिवसेना प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने प्रतिक्रिया दी है।

कृष्णा हेगड़े ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी को अच्छे लोग पसंद नहीं हैं। कांग्रेस ने शशि थरूर से पहले से ही किनारा किया है। थरूर एक वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी रह चुके हैं। वे एक बेहतरीन वक्ता हैं, जिनका भारत और दुनिया में सम्मानजनक कद है और इसी कारण वह तीन बार सांसद भी बने। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी ने उन्हें नजरअंदाज किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

इस्लामाबाद (आईएएनएस)। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की 9 मई, 2023 के दंगों से संबंधित 8 मामलों में दाखिल जमानत याचिका मंजूर कर ली है। इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई के नेताओं, समर्थकों और देश की राजनीति के लिए यह निर्णय बेहद अहम है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति मुहम्मद शफी सिद्दीकी और मियांगुल हसन औरंगजेब भी शामिल थे, ने गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई फिर से शुरू की। इमरान खान की तरफ से सलमान सफदर, जबकि पंजाब के विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश अफरीदी ने नकवी से पूछा, आपने लाहौर उच्च न्यायालय का फैसला पढ़ा होगा। क्या जमानत के मामले में



अंतिम टिप्पणी की जा सकती है? 12 अगस्त को सुनवाई के दौरान, मुख्य न्यायाधीश ने लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों पर सवाल उठाए थे और कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय किसी भी पक्ष के मामले को प्रभावित न करने के लिए कानूनी निष्कर्षों पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने अपना दूसरा प्रश्न पूछते हुए कहा, इसी अदालत (लाहौर उच्च न्यायालय) ने एक संदिग्ध को षड्यंत्र के आरोप में जमानत दी थी। क्या इस मामले में वरीयता का सिद्धांत लागू नहीं होगा? अभियोजक ने जवाब दिया कि जमानत के मामले में अदालत की टिप्पणी हमेशा अंतरिम प्रकृति की होती है। उन्होंने तर्क दिया, अदालत की टिप्पणी का मुकदमे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

अभियोजक ने अदालत से अनुरोध किया कि वह उन्हें मामले के गुण-दोष पर सहायता करने की अनुमति दे। मुख्य न्यायाधीश अफरीदी ने कहा, हम किसी को भी मामले के गुण-दोष पर बहस करने की अनुमति नहीं देंगे। आप केवल षड्यंत्र (आरोप) से संबंधित कानूनी सवालों के ही जवाब दे सकते हैं। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाया। पीटीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को इमरान खान की जीत बताया है।

नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ गया मानसून सत्र

● राज्यसभा में केवल 38.88 फीसदी हुआ काम-काज ● 15 विधेयक पारित, 285 में से सिर्फ 14 प्रश्न पूछे गए

नई दिल्ली (आईएएनएस)। संसद का मौजूदा सत्र गुरुवार को संपन्न हो गया। राज्यसभा के इस 268वें सत्र में निर्धारित समय के मुकाबले केवल 38.88 फीसदी काम-काज हो सका। मानसून सत्र में अधिक समय नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ गया।

सत्र समाप्त होने पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण का कहना है कि अध्यक्ष मंडल की पूरी कोशिशों के बावजूद सत्र लगातार विघ्न और स्थगन का शिकार रहा। मानसून सत्र की शुरुआत में ही 21 जुलाई को तत्कालीन उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति रहे जगदीप धनखड़ ने अचानक अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने इस्तीफा देने के पीछे अपने खराब स्वास्थ्य को कारण बताया था। राज्यसभा में मानसून सत्र की कुल कार्यवाही 41 घंटे 15 मिनट चली। इस अवधि की उत्पादकता केवल 38.88 प्रतिशत रही। उपसभापति का मानना है कि यह गंभीर आत्ममंथन का विषय है। इससे न केवल बहुमूल्य संसदीय समय नष्ट हुआ, बल्कि कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक विषयों पर चर्चा का अवसर भी चूक गया। मौजूदा सत्र में सदस्यों को 285 प्रश्न, 285 शून्यकाल नोटिस और 285 विशेष उल्लेख उठाने का अवसर मिला, परंतु केवल 14 प्रश्न, 7 शून्यकाल नोटिस और 61 विशेष उल्लेख ही लिए जा सके। उपसभापति ने खेद व्यक्त किया कि अध्यक्ष मंडल की ओर से सार्थक एवं अवरोध-मुक्त चर्चा कराने के पूरे प्रयासों के बावजूद यह सत्र बार-बार के व्यवधानों के कारण बाधित हुआ, जिससे न केवल बहुमूल्य संसदीय समय नष्ट हुआ, बल्कि कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक विषयों पर चर्चा का अवसर भी हाथ से निकल गया। हालांकि, इस सत्र में 15 सरकारी विधेयक पारित या वापस किए गए।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में किए गए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा किए गए साहसी एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर दो दिन तक विशेष चर्चा हुई, जिसमें 64 सदस्यों ने भाग लिया और इस चर्चा का उत्तर गृहमंत्री ने दिया। वहीं, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार पर स्वप्रेरणा से वक्तव्य दिया, जिसने भारत की बढ़ती आर्थिक साझेदारी पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सदन को उपराष्ट्रपति पद रिक्ति की जानकारी दी गई। 24 जुलाई 2025 को कार्यकाल पूरा करने वाले तमिलनाडु से छह सदस्यों को विदाई दी गई।

उपसभापति ने आशा जताई कि इस सत्र से मिले सबक भविष्य में और अधिक रचनात्मक व सार्थक विमर्श का मार्ग प्रशस्त करेंगे। यह सत्र विधायी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, लेकिन उत्पादकता के मामले में निराशाजनक भी, जो भविष्य में बेहतर कार्य संस्कृति की ओर संकेत करता है।

सियालदह में छात्रों पर हमला मामले में दो दुकानदार गिरफ्तार



कोलकाता (हि.स.)। कलकत्ता विश्वविद्यालय के छात्रों पर सियालदह मार्केट इलाके में स्थानीय दुकानदारों द्वारा हमले की घटना से तनाव फैल गया है। आरोप है कि छात्रों को 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किया गया और विरोध करने पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया गया। घटना बुधवार रात की है, जब विश्वविद्यालय के कार्माइकल हॉस्टल के एक छात्र ने सियालदह पुल के नीचे मोबाइल एक्सेसरीज खरीदने के दौरान एक दुकानदार से मोलभाव किया। इस दौरान कथित तौर पर हिंदीभाषी दुकानदार ने छात्र को 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किया। छात्र ने मामले की जानकारी अपने साथियों को दी और वे विरोध जताने पहुंचे। इसके बाद विवाद बढ़ गया और कई फेरीवालों ने छात्रों पर हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमले में चार छात्र घायल हुए जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। देर रात छात्रों ने मुचिपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

कोलकाता पुलिस ने बताया कि शिकायत दर्ज होते ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है और अब तक दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़ित छात्रों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ की जाएगी और कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी।

बुला चौधरी के घर की चोरी का खुलासा, कुल 308 पदक बरामद

हुगली (हि.स.)। स्वतंत्रता दिवस की रात मशहूर पूर्व तैराक और पद्मश्री सम्मानित बुला चौधरी के हिंदमोटर स्थित घर में हुई चोरी की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार, चंदननगर पुलिस आयुक्तालय की जांच टीम ने पहले में हुगली के रिषड़ा से कृष्णा चौधरी (19) को गिरफ्तार किया था और उसके पास से 295 पदक बरामद किए थे। इसके बाद जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने श्रीरामपुर के 4 नंबर गेट इलाके से शेख सामिम (21) और मोह मद चांद को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 13 और पदक बरामद किए, जिनमें एक पद्मश्री पदक भी शामिल है। अब तक 308 पदक पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। बचे हुए एक-दो पदकों की तलाश अभी जारी है। चोरी गए अपने कीमती पदक वापस मिलने पर बुला चौधरी बेहद भावुक और उत्साहित नजर आईं। उन्होंने पुलिस के काम की जमकर तारीफ की और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी धन्यवाद दिया।

चोरों ने बुला चौधरी के जीवनभर की मेहनत से अर्जित पदक चुरा लिए थे, जिनमें अर्जुन पुरस्कार और पद्मश्री भी शामिल थे। इस घटना से आहत होकर बुला चौधरी फूट-फूटकर रो पड़ी थीं और पुलिस व सरकार पर नाराजगी जताई थी।

श्रमश्री योजना शुरू, प्रवासी श्रमिकों को मिलेगी पांच हजार रुपये मासिक सहायता



कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को प्रवासी श्रमिकों के लिए बड़े पुनर्वास पैकेज की घोषणा करते हुए श्रमश्री योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत राज्य में वापस लौटे प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक प्रतिमाह पांच हजार रुपये का भत्ता दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें स्वास्थ्य, आवास और शिक्षा संबंधी कई अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना की शुरुआत श्रम विभाग ने कर दी है। विभाग के मंत्री मलय घटक ने बताया कि पूरे पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और इसके लिए जल्द ही एक विशेष पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। पोर्टल सक्रिय होने के बाद श्रमिकों को औपचारिक रूप से जोड़ा जाएगा। हालांकि, जो प्रवासी श्रमिक पहले ही बंगाल लौट चुके हैं, उनका पंजीकरण विभागीय अधिकारी घर-घर जाकर कर रहे हैं। इस काम की शुरुआत मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर जिलों से हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को न केवल मासिक पुनर्वास भत्ता मिलेगा बल्कि स्वास्थ्यसाथी कार्ड, आवास योजना में अनुदान और उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए सरकारी आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, उन्हें अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा।

